

एक नजर में

## युवा यादव गवली समाज संघ मध्य प्रदेश की बैठक हुई पेटलावद में



**सरदारपुर ।** संगठन गढ़े चलो, सुपथ पर बढ़े चलो के ध्येय वाक्य के साथ स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर पेटलावद नगर में युवा यादव गवली समाज संघ मध्य प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के युवाओं और वरिष्ठ जन ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर मंथन-बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि संगठन की पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में पेटलावद नगर से संगठन की नई प्रदेश की नई ऊर्जावान कार्यकारिणी का गठन करने के उद्देश्य से बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने युवा साथियों से विशेष आह्वान किया कि वे नए विचारों के साथ अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ें और इसे एक नई दिशा में आगे लेकर जाएं। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि धरातल पर कड़ी मेहनत करते हुए समाज के वरिष्ठ जन के मार्गदर्शन और अमूल्य सुझावों से संगठन को आगे बढ़ाया जाएगा।

**वरिष्ठों और युवाओ से हुई सदस्यता अभियान की शुरुआत-** बैठक के साथ ही पेटलावद नगर में संघ की विशेष सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत भी की गई। इस दौरान रसीद बुक (क्र. 1) जारी कर सदस्यता अभियान का श्रीगणेश किया गया। नगर पेटलावद के सामाजिक बंधुओं ने बैठक में हिस्सा लेकर संगठन की सदस्यता ग्रहण की। पदाधिकारियों ने बताया कि यह व्यापक सदस्यता अभियान आगामी 45 दिनों तक प्रत्येक नगर में निरंतर चलाया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

**क्षेत्र के सामाजिक नेतृत्व की रही गरिमामयी उपस्थिति-** इस अवसर पर सदस्यता दिलाने और अभियान को गति देने के लिए ? गति देने के लिए विशेष रूप से राजगढ़ से श्री टेका जी रायढोर, श्री देवा जी रेकवार, श्री मुकेश चंदेल जी; सरदारपुर से श्री मनोज गुजेला, श्री गोकुल जी गुजेला तथा कुक्षी से श्री सोहन ररा जी एवं श्री गिरीश ररा जी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज जनों को संगठन का संकल्प दिलाया।

**बैठक में ये रहे उपस्थित-** पेटलावद नगर से आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से श्री मोहन जी चौधरी, राजेंद्रजी मोरिया, गोपाल जी, महेश जी, कमलेश जी, दिनेश जी बादल, मनीष जी, आकाश जी, गंपू जी, अमन जी, पवन जी, महेश जी, कालू जी, रमेश जी, भगीरथ जी, अतुल जी, मनोज जी, ओम जी सहित समस्त समाज जन व युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लाल किला मैदान में जनजाति सांस्कृतिक समागम



**बाकानेर।** नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति जागृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में जनजाति सांस्कृतिक समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल, पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े सहित मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से आए हजारों जनजाति समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन सम्मिलित हुए। समागम में देश के कोने-कोने से आए जनजातीय कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य, गायन और वाद्य यंत्रों के माध्यम से भारत की समृद्ध जनजातीय परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया। भील, गोंड, संथाल, बिरसा, नागा, मीणा सहित विभिन्न जनजातियों की प्रस्तुतियों ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया ।मुख्य अतिथि श्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज भारत की संस्कृति का मूल आधार है। केंद्र सरकार जनजातीय गौरव, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील जैसे जननायकों के योगदान को भी याद किया। मैदान में जनजातीय शिल्प, बांस कला, गोंड पेंटिंग, महुआ उत्पाद, हर्बल औषधियों और पारंपरिक आभूषणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। बड़ी संख्या में दिल्लीवासियों ने जनजातीय जीवनशैली और कला को करीब से देखा। पुर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रंजना बघेल ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य जनजातीय संस्कृति का संरक्षण, संवर्धन और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और जनजातीय लोकगीतों के साथ हुआ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान गंगा दशहरा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**नागदा।** जल गंगा संवर्धन अभियान गंगा दशहरा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जल स्त्रोत नदी घाट की साफ सफाई की गई , जल स्त्रोत की पूजा अर्चना की गई कलश में जल भरकर कलश यात्रा निकालते हुए मंदिर की परिक्रमा करके नागेश्वर मंदिर पर भगवान शिव का जल अभिषेक जल चढ़ाया जल संवाद कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में, ब्लॉक समन्वयक सुश्री सुशीला मेडा जी, जनपद सदस्य राजेंद्र पटेल, आनंद श्रोत्रिय, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विकास श्रोत्रिय, धर्मेंद्र कुशवाह, धर्मेंद्र मोरे ,विनोद खारोल, नवांकुर संस्था, धार नारी शक्ति विकास महिला मंडल,के अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाराम चौहान और ग्रामीणजन पुरुष महिला बच्चे उपस्थित रहे ।

# मनावर पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क

**मनावर ।** थाना मनावर पुलिस द्वारा अवैध हथियार निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़कर हथियार जब्त किए है। मुखबिर सूचना पर ग्राम भगवानपुरा फाटा, बाकानेर से आरोपी शिवम पिता सुधीन्द्र उर्फ छोटू गुरु शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी वाराणसी (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक बैग में रखी 04 देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त पिस्टल ग्राम बाकानेर निवासी विकास उर्फ विक्की पिता विक्रमसिंह पंजाबी (सिकलीगर) से खरीदना बताया गया। पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वयं द्वारा देशी पिस्टल बनाकर बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए गए।



**नेटवर्क की जांच जारी :** थाना मनावर पर अपराध क्रमांक 367/2026 धारा 25(1)(क) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी विकास उर्फ विक्की से अवैध हथियार बनाने के उपकरण जप्त किए जाकर प्रकरण में धारा 25(1)(क)(क) आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई।

पुलिस द्वारा आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क के संबंध में जांच की जा रही है। आरोपियों में शिवम पिता सुधीन्द्र उर्फ छोटू गुरु शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी वाराणसी, उत्तरप्रदेश और विकास उर्फ विक्की पिता विक्रमसिंह पंजाबी उम्र 26 वर्ष निवासी बाकानेर थाना मनावर बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास सक 04 देशी पिस्टल मय मैगजीन, अवैध हथियार निर्माण के उपकरण (ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, कटर, पाइप के टुकड़े, स्टोव, प्लायर, पेचकश, हथौड़ी, छेनी एवं अन्य सामग्री)। इनकी कुल अनुमानित कीमत 80 हजार रुपए से ज्यादा बताई जा रही है।

### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी

आरोपी शिवम शर्मा के विरुद्ध पूर्व में 06 अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं, जिनमें डकैती, हत्या का प्रयास, अवैध शस्त्र रखने एवं गैंगस्टर एक्ट के प्रकरण शामिल हैं।

1. थाना चौक वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 97/2017 धारा 120-बी, 395, 397, 412 भादवि
2. थाना चौक वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 100/2017 धारा 25/3 आर्म्स एक्ट
3. थाना चौक वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 212/2017 धारा 3(1) उत्तरप्रदेश गैंगस्टर एक्ट
4. थाना दशाश्वमेध वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 49/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराएं
5. थाना कोतवाली वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 66/2024 धारा 323, 504, 506 भादवि
6. थाना दशाश्वमेध वाराणसी ङ्क अपराध क्रमांक 89/2024 धारा 3(1) उत्तरप्रदेश गैंगस्टर एक्ट

आरोपी विकास उर्फ विक्की के विरुद्ध पूर्व में 02 अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं

1. थाना मनावर अपराध क्रमांक 621/2020 धारा 4(क) जुआ एक्ट
2. थाना मनावर अपराध क्रमांक 1161/2023 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट

**टीम बनाकर किया काम :** थाना प्रभारी मनावर निरीक्षक ईश्वरसिंह, चौकी प्रभारी बाकानेर उपनिरीक्षक प्रशांत पाल, प्रधान आरक्षक महेश जाट, प्रधान आरक्षक बिसन मुजाल्दा एवं आरक्षक राकेश कन्नौजे की सराहनीय भूमिका रही।

# करोड़ों की सोनोग्राफी मशीन खा रही धूल

**सरदारपुर।** सिविल हॉस्पिटल में कई समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर में सूत्रों के हवाले से खबर है कि डिलीवरी रूम में डिलीवरी होने पर इनाम के नाम पर हर डिलीवरी वाले से रुपए लिए जाते हैं। न कोई देखने वाला है न सुनने वाला है, जानकारी सबको है।

सूत्रों का कहना है कि सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर में संपूर्ण धार जिला आदिवासी समुदाय बाहुल्य क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। धार जिले की सरदारपुर तहसील भी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के अन्तर्गत आती है, इस क्षेत्र में सिकलसेल, एनीमिया, रक्त अल्पता के कई मरीज़ शासन द्वारा चिन्हित किए गए हैं। ब्लड बैंक की सुविधा सरदारपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध थी, जिससे क्षेत्र के मरीजों को समय पर रक्त मिल जाता था। वर्तमान में यह सुविधा बंद होने के कारण गंभीर मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को रक्त के लिए कंचन हॉस्पिटल राजगढ़, धार, इंदौर या अन्य शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर रक्त नहीं मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरदारपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी इस समस्या से प्रभावित हो रही है।

लोगों ने आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सरदारपुर नगर में पुनः ब्लड बैंक की सुविधा शीघ्र प्रारंभ करवाने की कृपा करें, ताकि क्षेत्रवासियों को आपातकालीन समय में राहत मिल सके। साथ ही युवाओं द्वारा अंतिम चेतावनी भी दी गई कि यदि समय रहते यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर पर अगर मेडिकल लैब और ब्लड बैंक पुनः प्रारंभ नहीं होता है तो नगर के युवा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान नगर के युवा चन्द्रशेखर कामदार, नवीन यादव , दशरथ यादव, संयम सोनी, संदीप वसुनिया, कार्तिक पंड्या, प्रतीक यादव, रोमी व्यास, पवन मारू, राकेश अवस्थी, मनीष पंवार निखिल कमेडिया, नवीन चौहान, प्रिंस यादव, रवि, छोटू नायक आदि उपस्थिति थे।

## जाफर खान मेव बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के रतलाम जिला प्रभारी

**बाग।** अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी मप्र के इंचार्ज आबिद कागजी ने प्रदेश के कई जिलों में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला प्रभारीयो का मनोनयन किया है। जिसमें में धार जिले के कद्दावर कांग्रेस नेता जाफर खान मेव को रतलाम जिले का प्रभारी मनोनीत किया गया।

जाफर खान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की टीम के सक्रिय सदस्य है। जाफर खान ने बताया कि पार्टी द्वारा दी गई जवाबदारी का सक्रियता के साथ कार्य करूंगा। जल्द ही रतलाम जिले का दौरा कर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान प्रतापगढ़ी जी द्वारा जो प्रभारी नियुक्ति किए गए थे मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग प्रभारी आबिद कागजी कोटा राजस्थान और सह प्रभारी लियाकत गद्दी दिल्ली जी द्वारा नए प्रभारी नियुक्त किए गए जिलों में।

रतलाम जिला प्रभारी अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग का जाफर खान बाग को नियुक्त किया गया है। जाफर खान मेव पूर्व में प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग मध्य प्रदेश, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग धार, बाग पंचायत के वार्ड नंबर 04 प्रतिनिधि एवं कई विधानसभाओं के प्रभारी रह चुके हैं। खान मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी में एक अलग पहचान रखने वाले अल्पसंख्यक नेता है।

## सनशाइन NMPL-4 क्रिकेट टूर्नामेंट आधा सफर तय कर रोमांच के चरम पर, दर्शकों में भारी उत्साह

**नागदा (धार)।** माँ चामुण्डा खेल ग्राउण्ड समिति, नागदा (जिला धार) के तत्वावधान में आयोजित सनशाइन NMPL - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट अपने आधे सफर को पार कर चुका है। इस भव्य टूर्नामेंट का शुभारंभ 20 मई 2026 को हुआ था। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ रहे हैं, टूर्नामेंट का रोमांच अपने चरम पर पहुँच गया है और क्षेत्र के खेल प्रेमियों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। टूर्नामेंट अब अपने मध्य पड़ाव पर आ चुका है, जिसके चलते हर मुकाबला नॉकआउट जैसा रोमांचक होता जा रहा है। चौकों-छक्कों की बरसात के बीच माँ चामुण्डा खेल मैदान पर दर्शकों का भारी सैलाब उमड़ रहा है।

# संतों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग

**बाकानेर।** विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर श्री दिगम्बर जैन समाज बाकानेर एवं जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था और 卐राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति卐बनाने की मांग की है।

ज्ञापन में हाल ही में विहार के दौरान पूज्य आर्यिका माताजी के साथ हुई सड़क दुर्घटना का उल्लेख किया गया है, जिसमें आर्यिका संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। मंच ने कहा कि यह घटना सामान्य दुर्घटना प्रतीत नहीं होती। वीडियो क्लिप एवं परिस्थितियों के आधार पर समाज में गहरी आशंका का वातावरण है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगें-

1. घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच ङ्क एस आई टी या न्यायिक जांच कराई जाए। सि सि टि वी फुटेज व डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो।

2. संत सुरक्षा प्रोटोकॉल卐 तुरंत लागू हो साधु-संतों के विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग और हाईवे पर विशेष चेतावनी संकेतक लगाए जाएं।

3. राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनेङ्क भारत सरकार पैदल विहार करने वाले संतों हेतु राष्ट्रीय स्तर सुरक्षा प्रोटोकॉल जारी करे।

4. संतों के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए। चूंकि साधु-संत आत्मरक्षारहित होते हैं।



इसलिए उनके साथ होने वाली घटनाओं को सर्वोच्च संवेदनशीलता से निपटा जाए।5 . स्थानीय स्तर पर प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र स्थापित किया जाए। संत निहत्थे, अहिंसक होते हैं ज्ञापन में कहा गया कि जैन साधु-संत पूर्णत: निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ बढ़ती दुर्घटनाएं संपूर्ण समाज के लिए चिंताजनक हैं। जैन प्रबुद्ध मंच ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य व्यवधान उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना एवं तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आज सुबह दिगंबर जैन समाज के समाज जन,जैन मंदिर से मौन जुलुस के रूप में बस स्टैंड पर एकत्रित हुए जहां पर प्रधान आरक्षक महेश जाट को ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन का वाचन समाज के हेमंत रावका एवं जैन प्रबुद्ध मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष ( महिला संघ )श्रीमती बरखा बड़जात्या ने किया। इस मौके पर दिगंबर जैन समाज के महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे

ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री को प्रेषित की गई है। उक्त जानकारी सौरभ गंगवाल ने दी।

एक नजर में

75 से अधिक छात्रों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

# अल्ट्राटेक नि : शुल्क कोचिंग क्लास में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

**मनावर।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट धार सीमेंट वर्क्स द्वारा सी एस आर गतिविधियों के अंतर्गत पुरानी तहसील में संचालित निःशुल्क कॉम्पिटेटिव कोचिंग क्लासेस मनावर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन संस्थान प्रमुख नीतेश निराला, मानव संसाधन प्रमुख राजेश जैन के मार्गदर्शन एवं सी एस आर प्रमुख विपिन सक्सेना के दिशा-निर्देश में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रस्तावित निः शुल्क फिजिकल ट्रेनिंग गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में क्षेत्र के लगभग लगभग 75 छात्र छात्राओं ने भाग उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनावर थाना प्रभारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं अपने प्रेरक उद्बोधन में लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से मेहनत करने का आग्रह किया एवं अपने छात्र जीवन के रोचक अनुभव साझा किए।



वहीं विशेष अतिथि महिला थाना प्रभारी श्रीमती रानी राठौर ने महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण विचार साझा किए एवं छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री शिवदत्त चंद्रावत विद्यार्थियों को फिजिकल ट्रेनिंग के महत्व एवं अनुशासन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एवं अतिथियों का स्वागत सी एस आर हेड विपिन सक्सेना द्वारा दिया गया एवं अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा संचालित सी एस आर गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला प्रकाश और अल्ट्राटेक द्वारा संचालित कोचिंग का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया । कोचिंग संस्था से चयनित विद्यार्थियों प्रदीप सोलंकी, राजकुमार सवनेर एवं अजय सवनेर को मध्यप्रदेश शिक्षक चयन परीक्षा में शिक्षक पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया। सीएसआर टीम के सदस्य सुशांत दास, सुखलाल वास्केल, शुभम पटेल और संस्था के शिक्षक संजय वर्मा एवं दीपक चौयल उपस्थित रहे।